Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the Central Government to give exemption in the letter of credit sysytem for power consumption to Telangana State.

श्री बी. बी. पाटील (जहीराबाद) : अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं तेलंगाना राज्य से आता हूं । तेलंगाना राज्य में किसानों को 24 घंटे मुफ्त बिजली दी जाती है । इसके साथ ही साथ इंडस्ट्रीज़ को भी 24 घंटे क्वालिटी कंट्रोल देने का काम सरकार की तरफ से किया जाता है और घरों के लिए भी 24 घंटे बिजली दी जाती है । यह काम करने के लिए हमने 20,000 करोड़ रुपये का कर्जा लिया है । हम 1,300 मेगावाट एडिशनल बिजली उत्पादन करने का भी काम कर रहे हैं । हाल ही में 1 अगस्त, 2019 से सेन्ट्रल गवर्नमेंट के द्वारा जो एलसी सिस्टम लगाया गया है, उसकी वजह से राज्य सरकार पर 130 करोड़ रुपये का बोझा पड़ने वाला है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि तेलंगाना राज्य को इससे एग्जंपशन दिया जाए । हमारा राज्य हमारे देश में सबसे ज्यादा पावर कंजप्शन वाला राज्य है ।